राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

‘टेक–कनेक्ट 2024’ आयोजित

राजस्थान का समावेशी विकास हम–सभी का दायित्व

प्रौद्योगिकी, उद्योग और शिक्षा जगत के समन्वय से ‘विकसित भारत 2047’ के लिए कार्य हो

जयपुर, 24 अक्टूबर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने प्रौद्योगिकी, उद्योग और शिक्षा जगत के समन्वय से ‘विकसित भारत 2047’ के लिए सभी को मिलकर कार्य करने का आह्वान किया है। उन्होंने ‘टेक कनेक्ट 2024’ को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि ‘आत्मनिर्भर भारत’ के अंतर्गत उपलब्ध स्थानीय संपदा और मानव संपदा का प्रभावी उपयोग करने की रणनीति पर कार्य किया जाए। उन्होंने विश्वविद्यालयों, उद्योग जगत और प्रौद्योगिकी से जुड़े संस्थानों को मिलकर कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए भी प्रभावी कार्य किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि राजस्थान का समावेशी विकास भी हम–सभी का दायित्व है।

श्री बागडे गुरूवार को पूर्णिमा कॉलेज में ‘टेक–कनेक्ट 2024’ में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह समय सूचना और संचार प्रौद्योगिकी का है। देश में प्रौद्योगिकी, उद्योग और शिक्षा के समावेश से ऐसे तंत्र की स्थापना की जाए जिससे सतत और स्थाई विकास के लिए कार्य हो सके। उन्होंने राजस्थान के युवाओं को प्रौद्योगिकी और शिक्षा के बीच की खाई को पाटकर राज्य में कृषि, खाद्य और पोषण, पशु चिकित्सा, चिकित्सा और स्वास्थ्य, विनिर्माण, सेवा क्षेत्र आदि के लिए प्रभावी कार्य किए जाने की आवश्यकता जताई।

राज्यपाल ने राइजिंग राजस्थान के जरिए विभिन क्षेत्रों में निवेश पहल की भी सराहना की। उन्होंने समावेशी विकास के लिए सभी के योगदान का आह्वान किया।

–––––

TEK-Connect 2024

POORNIMA
2024